# सड़कों पर उभरे और धसे चैम्बर दुर्घटनाओं को दे रहे न्यौता

## कई चैम्बर वाहन के टकराने से हो गए क्षतिग्रस्त, सड़कों में नहीं किया गया डामरीकरण



**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,8 जून. नगर निगम क्षेत्र में सीवरेज के चैम्बर परेशानी का सबब बन गए है। अधिकांश चैम्बर में तकनीकी खामियां होने के कारण सड़क से 3 इंच नीचे और तकरीबन 4 इंच तक ऊपर उठे हैं। चैम्बर एक के बाद एक आते हैं जो रात में दिखाई नहीं देते हैं।**

इसमें होती चार पहिया वाहन भी अनियंत्रित हो रहे हैं। लोग घायल हो रहे हैं। सीवरेज कंपनी ने सही ऊंचाई के चैम्बर नहीं बनाए। चैम्बर ऊंचे होने बढ़ा हादसा हो सकता है। सीवरेज कंपनी लक्ष्मी कंट्रक्शन ने पूरे शहर की सड़कों को तार-तार कर दिया है। मुख्य मार्गों को छोड़ दिया जाए तो गली मोहल्ले की सड़कों को ऐसे ही छोड़ दिया गया है। सीवरेज लाइन डालने के बाद मिट्टी का भराव तो किया गया, लेकिन धम्मस नहीं किया गया है। जिससे मिट्टी धसने से नालियां उभर आई है। जो चैम्बर के साथ साथ नालियां भी दुर्घटना का कारण बन गई है। चालक मनोहर, अखिलेश बताते हैं कि रात के समय सड़क पर यह चैम्बर दिखाई नहीं देते हैं। जिससे चैम्बर से वाहन टकरा रहे हैं। वही दिन के समय भीड़ होने के कारण चैम्बरों को बचाने के फेर में सामने से आ रहे वाहनों से टकरा जाते है। इससे दुर्घटनाएं होने के साथ ही आए दिन वाद-विवाद हो रहे है। यदि एक्सपर्ट की माने से पहले लेबल लेकर पाइप लाइन डालने के बाद चैम्बर बनाना था। सड़क के लेबर से यदि चैम्बर बनाए जाते तो आज आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से बचा जा सकता था। लक्ष्मी कंपनी की लापरवाही और घटिया काम के कारण चैम्बर दुर्धटना का कारण बने हुए है।

### बाइक से गिर रहे लोग

गुलाबरा निवासी गणेश करोड़े ने बताया कि बाइक से घर लौट रहे थे। जेल बगीचे सब्जी बाजार जाने वाले सड़क पर सामने से आ रहे वाहन की रोशनी में चैम्बर दिखाई नहीं दिया। चैम्बर नीचे होने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई। गिरने से चोट आई। परिजन को खबर दी तब अस्पताल लेकर आए। चैबर ज्यादा नीचे हुए हैं, जिससे वाहन टकराते रहते हैं। महिला ने बताया कि स्कूटी से बच्चे को लेकर आ रहे थे, तभी मोड़ पर चैम्बर से स्कूटी ठकरा गई और नीचे गिर गए। इसमें स्वयं व बच्ची को भी चोट आई। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन वाहन चैम्बर से टकरा रहे हैं। बड़े वाहनों के टकराने से चैम्बर टूट रहे हैं, यह बहन भी पलटते-पलटते बचते हैं। पहले सड़क का लेबल लिया जाना था।

### इनका कहना है...

लक्ष्मी कंट्रक्शन कंपनी को शहर के सभी चैम्बर सुधारने के निर्देश दिए गए है। जल्द ही सभी चैम्बरों का सुधार कार्य किया जाएगा। ताकि भी भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

**सीपी राय**
**नगर निगम कमिश्नर**

# बहू ने सास-सुसर को बंधक बनाकर की मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,9 जून.** आज जनता न्याय के लिए पुलिस के पास पहुंचती है। जब पुलिस ही पीड़ितों को न्याय नहीं दिलवा पाए, तो पीड़ित कहां जाएंगे। इसी तरह का एक मामला मोहखेड़ थाना क्षेत्र के गोरेघाट का आया है। जहां पीड़ित दमपति को 20 दिन गुजर जाने के बाद भी थाना और जनसुनवाई से न्याय नहीं मिल पाया है। घटना पिछले महीने 20 मई की है। पीड़िता निर्मला साहू मोहखेड़ के गोरेधाट की रहने वाली है। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके और उसके पति के साथ के 20 मई को उसकी बहू रेणुका साहू ने मारपीट की। इस घटना में उसके साथ उसका भाई सचिन और अन्य चार लाग षामिल थे। बहू ने सास-सुसर के साथ मारपीट की। सुसर को बाथरूम में बंद कर दिया। वही सांस को रस्सी से बांध दिया। इसके बाद घर में रखे सोने चांदी के जेबर और खेत की फसल के रखे दो लाख रूपए लेकर चली गई। घटना की शिकायत करने पीड़िता अपने पति के साथ मोहखेड़ थाना पहुंची। जहां उसकी शिकायत ही बदल दी गई। उसके बाद पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में बहू के खिलाफ कार्रवाई करने आवेदन दिया। दो बार आवेदन देने के बाद भी उसकी सुनवाई नहीं हुई। एसपी कार्यालय में उसने मीडिया के सामने रो-रो कर अपनी आपबीती बयां की।



### जबरदस्ती कटवा दी 181

पीड़िता ने आरोप लगात हुए कहा कि न्याय के लिए सीएम हेल्प लाइन में शिकायत की थी। शिकायत के बाद पुलिस उनके घर पहुंची। पीड़िता से मोबाइल लेकर उनकी जबरदस्ती षिकायत कटवा दी। वही उसकी बहू ने उसके पुत्र पर झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाकर उसे भी अंदर करवा दिया। इस तरह पीड़िता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए है।

# पूर्व सीएम कमलनाथ ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,9 जून. मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा को रेल मार्ग से प्रदेश के महानगरों व जिलों के साथ ही देश की राजधानी दिल्ली से भी जोड़ा है। ट्रेनों के विस्तार और अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन परासिया, जामई और पांढुर्ना के निर्माण का श्रेय कमलनाथ को ही जाता है।**

उन्होंने यात्रियों की असुविधा को गम्भीरता से दृष्टिगत रखते हुए रेल मंत्री को एक अहम पत्र लिखा है, जिसमें पेंचवेली एक्सप्रेस में आवश्यकता अनुसार कोच बढ़ाने का आग्रह किया है, ताकि यात्रियों का सफर सस्ता व सुलभ हो सके।श्री नाथ ने अपने अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक 143 में उल्लेख किया कि छिन्दवाड़ा-भोपाल रेल मार्ग पर संचालित पेंचवेली एक्सप्रेस इस क्षेत्र के यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय रेल सेवा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री इस ट्रेन के माध्यम से यात्रा करते हैं। विशेष रूप से छिन्दवाड़ा, नर्मदापुरम एवं भोपाल के मध्य आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए यह ट्रेन प्रमुख साधन के रूप में स्थापित हो चुकी है।

# अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**छिंदवाड़ा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बोदरी पुल के नीचे एक अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस ने शव को सुरक्षित मरच्यूरी में रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस शव की शिनाख्त कर रही है। जानकारी अनुसार बोदरी पुलिस के नीचे आसपास के लोगों को बदबू आ रही थी। जिसके बाद लोगों ने नीचे जाकर देखा, तो दखकर दंग रह गए। एक बुजुर्ग का शव पड़ा हुआ था। देखकर सभी दंग रह गए। खबर आग की तरह फैलते ही मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर सुरक्षित मरच्यूरी में रंखवा दिया है। पुलिस आसपास के थाने गुमशुदगी की पतासाजी कर रही है। जिससे शव की शिनाख्त हो सके।

# ननि की कार्रवाई, अतिक्रमण हटाकर सामान किया जब्त



**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,9 जून. नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार कलेक्टर जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निगम अमले द्वारा संबंधित स्थल का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान मौके पर अतिक्रमण कर रखी गई गुमठी एवं अन्य सामान को जब्त कर फटका मशीन परिसर में सुरक्षित रखवाया गया।कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने नागपुर रोड स्थित बड़बन क्षेत्र का भी निरीक्षण किया, जहां पूर्व में हटाई गई गुमठियों को दोबारा स्थापित किए जाने की संभावना को देखते हुए मुनादी (घोषणा) कराई गई। मुनादी के माध्यम से संबंधित व्यक्तियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि उक्त स्थल पर पुनः गुमठियां स्थापित न की जाएं तथा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए।

# जननायक बिरसा मुंडा के चरणों में नतमस्तक हुये कांग्रेसजन

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,9 जून. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व वीर क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा को कांग्रेस ने नमन करते हुये उनके कृत्तिव व व्यक्तित्व को याद किया। जल, जंगल और जमीन के लिये अंग्रेजों से संघर्ष करने वाले जननायक बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि स्थानीय राजीव भवन स्थित कांग्रेस भवन में मनाई गई।**

सम्पूर्ण विश्व में धरती बाबा के नाम से विख्यात आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा जी के चरणों में कांग्रेसजन नतमस्तक हुये और देश की आजादी के लिये स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करते हुये उन्हें हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित की।कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बिरसा मुंडा बलिदान दिवस मनाया गया। कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये गंगाप्रसाद तिवारी ने कहा कि आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा जी का आज शहादत दिवस है। भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को एक नई दिशा देने के लिये अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया।

# जनसुनवाई : कलेक्टर ने सुनी 196 आवेदकों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,9 जून. राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है।**

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 196 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, नक्शा दुरूस्त करने, अतिक्रमण हटाने एवं नाला गहरीकरण करने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, बिजली पानी की समस्या आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। कलेक्टर श्री नारायन ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम जैथारी की श्रीमती नन्दकी ने भूमि का सीमांकन कर राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त कराने, ग्राम पंचायत पिपरिया के ग्राम सागर की श्रीमती अंजली सेन एवं अन्य आवेदकगणों ने चारागाह भूमि पर बने आवासीय मकानों को अतिक्रमण की कार्यवाही से मुक्त करने, महाविद्यालय पांडुपिपरिया की छात्रा कु.जया चौरसिया ने सत्र 2024-25 की लंबित छात्रवृत्ति राशि एवं एमएससी छात्रवृत्ति के आवेदन संबंधी समस्या का निराकरण करने, ग्राम बुचनई के पं.पुरूषोत्तम दुबे ने कृषि कार्य के लिये खाद, बीज दिलाने, ग्राम पंचायत जामुनडोंगा के ग्राम नवरीटोला के सुखलाल करादे व ग्रामवासियों ने ग्राम में सीसी सड़क निर्माण कराने, जुन्नारदेव के वार्ड नंबर 03 की श्रीमती संगीता जैन ने स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनवाने, छिंदवाड़ा नगर के शिवनगर कॉलोनी की श्रीमती मेहदवती मर्सकोले ने अपनी पुत्री को अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने एवं छिंदवाड़ा नगर के अमित भटेले ने चित्रकूट काम्पलेक्स के पार्किंग एरिये पर अनावेदकों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

### ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी गोदाम का निरीक्षण आज

**छिंदवाड़ा.** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के पत्र के परिप्रेक्ष्य में वेयर हाउस, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास ईएलसी चौक नागपुर रोड छिंदवाड़ा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरेंद्र नारायन द्वारा 10 जून को प्रातः11.30 बजे आयोग के निर्देशानुसार ई.व्ही.एम. - व्ही. व्ही.पी.ए.टी. गोदाम का निरीक्षण किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा ने निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष/सचिव, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल अथवा उनके प्रतिनिधियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा दावा-आपत्ति की अवधि 15 जून तक बढ़ी

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,9 जून. आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों के तहत राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण एवं अद्यतन कार्य की समीक्षा हेतु एसडीएम सुधीर जैन ने नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय की उपस्थिति में नगर निगम सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की।**

बैठक में नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की प्रगति, दावा-आपत्ति की संशोधित अवधि तथा प्राप्त आवेदनों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं अन्य दावे-आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि बढ़ाकर 15 जून तक कर दी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पूर्व में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे बूथ लेवल अधिकारियों की सहायता लेकर मतदाता सूची को अधिक से अधिक त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाया जाए। साथ ही अपात्र एवं मृत व्यक्तियों के नामों का नियमानुसार विलोपन सुनिश्चित किया जाए।एसडीएम श्री जैन ने नागरिकों से अपील की कि यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं है, विशेषकर विवाह के बाद नगर क्षेत्र में निवास करने वाली महिलाओं अथवा अन्य कारणों से जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, तो वे अपने संबंधित वार्ड के निर्धारित मतदान केंद्रों पर जाकर आवश्यक आवेदन प्रस्तुत करें।

# भीषण गर्मी : गेहूं की आवक में गिरावट

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,9 जून. भीषण गर्मी और उमस की मार का असर कुसमैली कृषि उपज मंडी में भी देखने मिला है। जहां आवक में दो हजार क्विंटल की गिरावट देखी गई। मंगलवार को भारी उमस के चलते महज 355 किसान ही अनाज मंडी पहुंचे।**

जो 12838 क्विंटल गेहूं लेकर पहुंचे। नीलामी के दौरान 60 रूपए प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। गेहूं के अधिकतम दाम 2700 रूपए और न्यूनतम दाम 2223 रूपए प्रति क्विंटल मिले। वही मक्के की आवक में भी गिरावट देखनी मिली। 120 किसान 3849 क्विंटल मक्का लेकर पहुंचे। जिन्हे व्यापारियों ने अधिकतम 2085 रूपए प्रति क्विंटल दामों में खरीदा। वही न्यूनतम दाम 1918 मिले। इस तरह मक्के के दामों से किसानों को कुछ राहत मिली है। इसी तरह सोयाबीन, तुअर, चना, उड़द, आमयून, मसूर, मूंग, और मटर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। किसानों का कहना है कि उमस के चलते किसानों की मौजूदगी कम रही। जिन किसानों को पैसों की आवश्यकता थी। वह किसानों ने जैसे तैसे मंडी पहुंचकर अपनी उपज बेची।

### मक्के के मिले बेहतर दाम

सीजन के दौरान किसानों को मक्के के दाम रास नहीं आ रहे थे। अधिकांश किसानों ने मक्के की उपज को रोककर रखा। अधिकतम 1700 रूपए के आसपास बिकने वाला मक्के के दाम इन दिनों 2085 रूपए प्रति क्विंटल मिल रहे है। इससे किसानों को यह दाम रास आ रहे है। जिन किसानों ने इस उपज को रोकने में समझदारी दिखाई थी। अब उन्हें बेहतर दाम मिल रहे है।

### आज होगी कांग्रेस सेवादल की बैठक

**छिंदवाड़ा.** जिला कांग्रेस सेवादल की एक आवश्यक बैठक का आयोजन 10 जून दिन बुधवार को दोपहर 2:00 बजे राजीव भवन स्थित कांग्रेस में होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे करेंगे। मुख्य अतिथि गंगा प्रसाद तिवारी और विशिष्ट अतिथि गोविंद राय रहेंगे। सेवादल परिवार के मार्गदर्शक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष सुरेश कपाले की गरिमामयी उपस्थिति होगी। जिला कांग्रेस सेवादल के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी सदस्य और महिला कांग्रेस सेवादल, नगर कांग्रेस सेवादल एवं कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के सभी अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

# पुलिस ने आरोपियों से जब्त की 27 पेटी शराब

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,9 जून.** बीती रात पुलिस ने गुरैया से अलग अलग किस्म की 27 पेटी शराब जब्त की है। जिसकी बाजार में 156520 रूपए कीमत आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वही उसकी बुलोरो कार भी जब्त कर ली है। पुलिस ने आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### यह है मामला

पुलिस को 8 जून की रात्रि गस्त दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रोहनाकला का सोनू आलोनकर पिता नामदेव आलोनकर एक बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी28बीडी0464 से अवैध शराब भरकर का गुरैया से भरतादेव तरफ लेकर आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम गुरैया ,भरता देव रोड पर पुलिया के पास घेराबंदी कर उक्त वाहन रोका गया। वाहन चालक का नाम पता पूछने पर अपना नाम सोनू आलोनकर बताया एवं वाहन के अंदर जांच करने पर बोलोरो से 07 पेटी देशी प्लेन शराब मिली। प्रत्येक पेटी मे 50-50 क्वाटर 180 एम. एल.के कुल 350 देशी प्लेन शराब के क्वाटर (63 लीटर) जब्त की गई। जिसकी बाजार में 28000 रुपये कीमत आंकी गई। वही 03 पेटी लाल मशाला शराब कुल शराब 150 क्वाटर (27 लीटर) किमती 15000 रुपये की, 8 पेटी ओ.सी. (आफिसर च्वाईस) की अग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी मे 48- 48 क्वार्टर 180 एम.एल. के कुल 384 ओ.सी. अग्रेजी शराब के क्वाटर (69 लीटर 120 एम.एल.) किमती 69,120 रुपये की एवं 4 पेटी ओ.सी. (आफिसर च्वाईस) की अग्रेजी शराब के प्रत्येक पेटी मे 12-12 फुल बाटल 750 एम.एल. के कुल 48 फुल बाटल ओ.सी. (36 लीटर) किमती 26400 रुपये की, 5 बीयर की पेटी जिसमे बोल्ट बीयर केन प्रत्येक बीयर की पेटी मे 24-24 केन 500 एम.एल. के कुल बीयर 120 केन (60 लीटर) किमती 18000 रुपये की । कुल 255 लीटर 120 एमएल बल्क लिटर कीमती 156520 रुपये की जब्त की गई। जो घटना में प्रयुक्त वाहन बोलेरो कीमती 800000 रु. एवं शराब 255 लीटर 120 एम. एल. बल्क लिटर किमती 156520 रुपये की पाई गई। आरोपी सोनू आलोनकर पर धारा 34(2) आब. एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस पूरे मामले में टीआई जी.एस. राजपूत, सउनि राजेश रघुवंशी, प्रधान आर. संजय उईके, मंगल सिंह टेकाम, आर. सौरभ, शैलेन्द्र सिह, प्रवीण, उमेश की अहम भूमिका रही।







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589